उत्तराखंड की सोनाली घोष बनी काजीरंगा उद्यान की पहली महिला निदेशक

चर्चा में क्यों?

2 सितंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के देहरादून की रहने वाली भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी सोनाली घोष असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) के क्षेत्र निदेशक (फील्ड डायरेक्टर) के रूप में कार्यभार संभालने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी सोनाली घोष ने 1 सितंबर को केएनपी के क्षेत्र निदेशक (फील्ड डायरेक्टर) के रूप में कार्यभार संभाला। इसके साथ ही 118 साल पुराने केएनपी के निदेशक के रूप में कार्यभार संभालने वाली सोनाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं।
- उल्लेखनीय है कि असम सरकार ने सोनाली घोष को वन प्रमुख के पद पर तैनात करने का आदेश पहले ही जारी कर दिया था। भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी ने मौजूदा क्षेत्र निदेशक जतिंद्र शर्मा से पार्क का प्रभार ग्रहण किया। जतिंद्र शर्मा 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए हैं।
- निदेशक बनने से पहले सोनाली घोष गुवाहाटी में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और वन बल के प्रमुख के कार्यालय में अनुसंधान शिक्षा और कार्य योजना प्रभाग की मुख्य वन संरक्षक के रूप में कार्यरत थीं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sonali-ghosh-of-uttarakhand-became-the-1st-woman-director-of-kaziranga-park